# फ्लोटिंग रेट ऋण

## प्रीलिम्स के लिये:

**भारतीय रिज़र्व बैंक, समान मासिक किश्तें (EMIs), फ्लोटिंग रेट ऋण**

## मेन्स के लिये:

फ्लोटिंग रेट ऋण की अवधारणा, वित्तीय संस्थानों में चुनौतियाँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने पारदर्शिता बढ़ाने और फ्लोटिंग रेट ऋणों के लिये **समान मासिक किस्तों** (Equated Monthly Installments-EMI) को पुनर्व्यवस्थित करने के लिये उचित नियम स्थापित करने हेतु एक व्यापक ढाँचा प्रस्तुत किया है।

- इसका उद्देश्य **उधारकर्त्ताओं की चिंताओं को दूर करना** तथा **वित्तीय संस्थानों के उचित व्यवहार को सुनिश्चित** करना है।

## फ्लोटिंग रेट ऋण:

- फ्लोटिंग रेट ऋण ऐसे ऋण होते हैं जिनकी ब्याज दर **बेंचमार्क दर या आधार दर/बेस रेट** के **आधार पर समय-समय पर बदलती** रहती है।
  - **आधार दर/बेस रेट** वह दर है जिस पर **भारतीय रिज़र्व बैंक** वित्तीय संस्थानों को पैसा उधार देता है, यह दर बाज़ार द्वारा प्रभावित होती है और रेपो रेट इसका सबसे सामान्य उदाहरण है।
- फ्लोटिंग रेट ऋण को **परिवर्तनीय** अथवा **समायोज्य-दर ऋण** के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि ये ऋण की अवधि के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।
- **क्रेडिट कार्ड, बंधक/गिरवी रखी वस्तुओं और अन्य उपभोक्ता ऋणों** के लिये फ्लोटिंग रेट ऋण बहुत आम हैं।
- **यदि भविष्य में ब्याज दरों में गिरावट का अनुमान है तो उधारकर्त्ताओं को फ्लोटिंग रेट ऋण से लाभ** होता है।
  - **इसके विपरीत एक निश्चित ब्याज दर वाले ऋण के लिये उधारकर्त्ता को ऋण अवधि के दौरान निर्धारित किश्तों का भुगतान करना पड़ता है। यह अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव के समय अधिक सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करता है।**

| निर्धारित दर (Fixed Rate) | निर्धारित दर बनाम फ्लोटिंग ब्याज दर (Fixed Rate Vs Floating Rate of Interest) | फ्लोटिंग रेट/अस्थायी दर (Floating Rate) |
|---|---|---|
| **लाभ**<br><br>बाज़ार की स्थितियों के बावजूद ब्याज दर स्थिर रहती है।<br><br> //<br><br>फिक्स्ड रेट होम लोन उन लोगों के लिये अच्छा है जो एक निश्चित मासिक पुनर्भुगतान कार्यक्रम चाहते हैं। | <br><br>**ब्याज की निश्चित दर क्या है?** | **लाभ**<br><br>निश्चित ब्याज दरों से कम-से-कम 1-2% सस्ता।<br><br><br><br>दीर्घावधि में ब्याज दरें घट सकती हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| <br>यह निश्चितता और सुरक्षा की भावना लाता है।<br> | निश्चित ब्याज दर का अर्थ है ऋण की पूरी अवधि के दौरान निश्चित समान किश्तों में होम लोन का पुनर्भुगतान।<br><br>**फ्लोटिंग ब्याज दर क्या है?**<br><br>फ्लोटिंग ब्याज दर बाज़ार की स्थितियों के साथ बदलती रहती है, फ्लोटिंग ब्याज दर होम लोन, बेस रेट और फ्लोटिंग एलिमेंट्स से जुड़ी होती है। | <br>फ्लोटिंग ब्याज दरों के माध्यम से बचत होती है।<br> |
| **कमियाँ**<br><br>आमतौर पर फ्लोटिंग रेट होम लोन से 1-2.5% अधिक होता है। | | **कमियाँ**<br><br>मासिक किश्तों की असमान प्रकृति वित्तीय नियोजन को कठिन बना देती है। |

## नए पारदर्शी ढाँचे की आवश्यकता:

- [मुद्रास्फीति](#) **को नियंत्रण** में रखने के प्रयास में RBI **रेपो दरें** बढ़ाता रहा है। रेपो दरों में वृद्धि के साथ फ्लोटिंग दरें भी बढ़ जाती हैं। इसका आशय है कि उधारकर्त्ताओं को अधिक EMI भुगतान करना पड़ सकता है।
  - यह पाया गया है कि अधिक EMI मांगने के बजाय कुछ बैंक **उधारकर्त्ता को सूचित किये बिना ऋण की अवधि बढ़ा रहे हैं।**
  - इससे ऋण के पुनर्भुगतान में **अनावश्यक रूप से अधिक** समय लग रहा है **तथा यह उधारकर्त्ताओं की उचित सहमति के बिना हो रहा है।**
- उधारकर्त्ताओं को **इंटरनल बेंचमार्क रेट (Internal Benchmark Rate)** में बदलाव और ऋण की अवधि के दौरान होने वाली क्षति से बचाना।
- उधारकर्त्ताओं द्वारा सामना किये जाने वाले मुद्दों जैसे- **फोरक्लोज़र चार्ज (Foreclosure Charges), स्विचिंग ऑप्शन (Switching Options) और प्रमुख नियमों एवं शर्तों** के बारे में जानकारी की कमी का समाधान करना।

## RBI द्वारा प्रस्तावित ढाँचे की विशेषताएँ:

- ऋणदाताओं को **अवधि और/या EMI के पुनः निर्धारण हेतु उधारकर्त्ताओं के साथ स्पष्ट रूप से संवाद करना चाहिये।**
- RBI ने ऋणदाताओं से कहा है कि वे जब भी चाहें उधारकर्त्ताओं को **फिक्स्ड-रेट होम लोन (Fixed-Rate Home Loans) पर स्विच करने** या ऋण को फोरक्लोज़र (Foreclosure) करने का **विकल्प प्रदान कर सकते हैं।**
- **बैंकों को इन विकल्पों के प्रयोग से जुड़े विभिन्न शुल्कों के बारे में पहले से ही उधारकर्त्ताओं को बताना होगा और उन्हें महत्त्वपूर्ण जानकारी देनी होगी।**
  - इसके परिणामस्वरूप उधारकर्त्ता अपने गृह ऋण का भुगतान करते समय अधिक जानकारीपूर्ण निर्णय ले सकेंगे।
- ऋणदाताओं को **उत्पीड़न, धमकी या गोपनीयता का उल्लंघन जैसी अनैतिक या ज़बरदस्ती ऋण वसूली** प्रथाओं में शामिल नहीं होना चाहिये।

## प्रस्तावित ढाँचे से उधारकर्त्ताओं और ऋणदाताओं को लाभ:

- इससे उधारकर्त्ताओं के पास **अपने फ्लोटिंग रेट ऋणों के संबंध में अधिक स्पष्टता, पारदर्शिता एवं विकल्प होंगे** और वे बिना किसी दंड या परेशानी के उनसे बाहर निकलने या स्विच करने में सक्षम होंगे।
- इसके चलते उधारकर्त्ता ऋणदाताओं द्वारा ब्याज दरों या EMI में **अनुचित या मनमाने ढंग से किये गए परिवर्तन से सुरक्षित रहेंगे** और अपने वित्त की बेहतर योजना बनाने में सक्षम होंगे।
- इसके कारण **उधारकर्त्ताओं के साथ ऋणदाता सम्मानपूर्वक व्यवहार करेंगे** और ऋण वसूली के दौरान उन्हें उत्पीड़न या दुर्व्यवहार का सामना

नहीं करना पड़ेगा।

- इसके द्वारा **ऋणदाता अच्छे ग्राहक संबंध और विश्वास बनाए रखने में सक्षम होंगे एवं अनुचित ऋण आचरण के** कारण प्रतिष्ठा को जोखिम या कानूनी कार्रवाई से बच सकेंगे।
- इससे ऋणदाता अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता और जोखिम प्रबंधन में सुधार एवं नियामक मानदंडों व अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने में सक्षम होंगे।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/floating-rate-loans